तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 राजपूत महासभा की बैठक में विविध विषयों पर...


12 नामांतरण की जिम्मेदारी पंजीयक को मिलने से ...


## खबर संक्षेप

### पीएम योजना के आवास मित्रों की सेवा समाप्त

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कार्यरत आवास मित्र मीना साहू की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत रौंद्रा के आश्रित ग्राम मोतेसरा में स्वीकृत आवासों की जियो-टैगिंग में गड़बड़ी के कारण की गई। जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर यह सामने आया कि मीना साहू ने कल्याणी बाई पति राधेश्याम और दुगदी बाई पति सुकाल के आवास की जियो-टैगिंग अनुचित तरीके से की, जिसके चलते पहले किश्त की राशि का स्वीकृत होना संभव हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर जनपद पंचायत साजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस मामले में तत्काल प्रभाव से उनकी आवास मित्र सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं।

### गांजा बेचते महिला को गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने कुम्हारी में अवैध गांजा बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1 किलो 120 ग्राम गांजा जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जब्त गांजा की की कीमत सात हजार रुपए बताई गई है। उप निरीक्षक डीएल साहू थाना कुम्हारी को मुखबिर से शांति बाई वार्ड 15 कुम्हारी द्वारा अवैध गांजा बेचने की अवैध गांजा बेंचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने रूप नगर वार्ड नंबर 15 सार्वजनिक शौचालय के पास आरोपिया शांति बाई पति स्व. रायलो बेसरा उम्र 65 वर्ष के कब्जे से अवैध गांजा जब्त किया। पुलिस ने शनिवार को आरोपिया को धारा 20 (ख) (ii)(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### मारपीट करने के बाद दी जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत एसीसी चौक पर स्थित विष्णु की दुकान के सामने आरोपित ने फरियादी के साथ मारपीट कर चाकू से घायल कर दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह 11.45 पर एसीसी चौक पर सुरेश सोनी दुकान के पास बैठा हुआ था। तभी आरोपी शंभू यादव सात से आठ लोगों के साथ आया। उसने करीब 10 मिनट तक फरियादी सुरेश सोनी के साथ मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी। सुरेश के हाथ के अंगूठा चाकू के वार से कट गया। जामुल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे युवक से लूट

**राजनांदगांव।** अपने साथी के साथ बाइक में सवार होकर वैवाहिक आयोजन में शामिल होने जा रहे युवक से लूट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने समाजहित में घोषित की कई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने समाज कल्याण और सामाजिक उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। संगठन का उद्देश्य पूरे देश में अग्रवाल समाज के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाना है। घोषित योजनाओं के अंतर्गत अग्रबंधुओं के बच्चों के विवाह हेतु मंगल परिणय योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत समाज के भीतर वैवाहिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं, विधवा, विधुर और परित्यक्ताओं के पुनः विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष योजना लागू की गई है। अविवाहित कन्याओं के विवाह हेतु श्री अग्रसेन कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 2,51,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही सनातन धर्मावलंबियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क श्री अग्रसेन सामूहिक कन्या विवाह योजना भी शुरू की जा रही है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन ब्याजमुक्त उच्च शिक्षा ऋण योजना के तहत विद्यार्थियों को 2 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। समाज के भीतर विवादों के निपटारे के लिए श्री अग्र पंचायत समिति का गठन कर न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की पहल की गई है। इस अवसर पर सियाराम अग्रवाल, नेतराम अग्रवाल, अशोक मोदी ▶▶| शेष पेज 13 पर

## पुनर्विवाह के लिए भी योजना लागू की जाएगी




### नेत्रदान, देहदान को करें प्रोत्साहित

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को श्री अग्रसेन अग अलंकरण योजना के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, रक्तदान, नेत्रदान और देहदान जैसे मानव सेवा कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे। गौ सेवा और पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए भी गौशालाओं और उद्यानों की स्थापना तथा संवर्धन की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## मौसम : पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर से हुई बारिश

# झमाझम बारिश हुई और ओले गिरे तापमान गिरा, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के प्रभाव से शहर में सोमवार दोपहर बाद जहां बारिश हुई वही जमकर बर्फ के गोले गिरे । गर्मी से हलाकान शहरवासियों को बारिश से अच्छी राहत मिली। इससे पहले तेज चली हवाओं से पहले ही मौसम में कुछ ठंडक महसूस होने लगी थी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश का मौसम अभी कुछ दिनों तक यथावत रह सकता है। लगातार बढ़ते अधिकतम तापमान से हलाकान हो चुके शहरवासियों को सोमवार को गर्मी से कुछ निजात मिली।

पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर से तापमान में गिरावट आई। आसमान में छाए बादलों ने सोमवार को अच्छी बारिश की। तेज हवाओं के साथ ओले ओर बारिश इतनी तेज थी कि सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को मुख्य मार्ग की दुकान व मकानों में शरण लेनी पड़ी। हालांकि बारिश ज्यादा देर नहीं हुई लेकिन आधे घंटे की बारिश ने भी पूरे शहर को राहत दे दी।





### एक ही दिन में चार डिग्री लुढ़का तापमान

शहर में एक ही दिन में अधिकतम तापमान में पांच डिग्री से भी अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया था, जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान लुढ़ककर 37.4 पर आ गया। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री गिरावट का सिलसिला अभी कुछ दिनों यथावत रह सकता है।

## बदली छायी, हवा चली और बारिश हुई गर्मी से मिली राहत, किसानों को राहत

**नवागढ़।** नगर समेत आस-पास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से तेज धूप और उमस के बीच दोपहर करीब 2 बजे आसमान पर घने बादल छा गए। कुछ ही देर में हल्की बारिश शुरू हो गई, जिससे भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली। बारिश के साथ गिरे ओलों ने वातावरण में ठंडक घोल दी। हल्की बारिश के कारण कुछ समय के लिए सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन बारिश थमते ही

- मौसम विभाग की सूचना आगामी दिनों में बारिश संभव



जनजीवन सामान्य हो गया। बाजारों में भी चहल-पहल लौट आई और बच्चों ने ओलों का खूब आनंद उठाया। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अस्थायी इंतजाम कर बारिश से बचाव किया। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने उमस भरे मौसम से निजात दिलाई। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को आवश्यक सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### गर्मी से राहत मिली

स्थानीय निवासी कृष्णा यादव ने बताया कि बीते कई दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा था। दोपहर की बारिश से गर्मी से बड़ी राहत मिली है। व्यापारी राजू जैन ने कहा कि बारिश के चलते ▶▶| शेष पेज 13 पर

# अवैध गतिविधियों पर की कार्रवाई और यातायात उल्लंघन के 45 प्रकरण दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत 45 प्रकरणों में 13,100 रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया है, और 35 प्रकरणों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस ने रविवार को बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 80 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही की। इस कार्यवाही में 45 चालान माननीय न्यायालय पेश किए गए और 45 वाहन चालकों से समन शुल्क लिया गया।

### बेमेतरा पुलिस की अपील

बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं और नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने दें। पुलिस का कहना है कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के साथ सहयोग करें, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सके।

### माइनर एक्ट और आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

बेमेतरा पुलिस ने माईनर एक्ट के तहत 7 व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की। इसके अलावा, शराब पिलाने की सुविधा देने वाले 3 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# कलार समाज की बैठक में सम्मान समारोह पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बीजाभाट में कलार समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक सुसंपन्न हुई। बैठक में जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचित समाज के जनप्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी मंडलेश्वरों एवं समाजजनों से पूर्ण सहयोग की अपील की। सभी मंडलेश्वरों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री शमोहन सिन्हा ने किया।



इस अवसर पर प्रांत से विशेष आमंत्रित सदस्य पुसऊ राम सिन्हा, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष डामन सिन्हा, प्रदेश युवा मंच के उपाध्यक्ष देवलाल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही बेरला मंडलेश्वर ईश्वर सिन्हा, साजा मंडलेश्वर टीकाराम डड़सेना, नवागढ़ मंडलेश्वर अजय सिन्हा, बेमेतरा मंडलेश्वर अशोक जायसवाल, सोमप्रकाश सिन्हा, केशरी सिन्हा, सचिव कामता सिन्हा, साजा सचिव मीनाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष सहदेव सिन्हा, ललित सिन्हा, अशोक सिन्हा, सुरेश सिन्हा, बलिराम सिन्हा, कुलेश्वर जायसवाल, पूर्व जिला मंत्री एवं बेरला मंडल के युवा अध्यक्ष मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# पीएम आवास के अपात्र हितग्राहियों को लाभ देने पर कार्रवाई की तैयारी

**बेमेतरा।** जिले के ग्राम पंचायत रौंदा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अपात्र हितग्राहियों को लाभ देने का मामला सामने आया है।

जिला पंचायत कार्यालय के अनुसार, ग्राम मोतेसरा की दो हितग्राही कल्याणी बाई और दुगदी बाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास की स्वीकृति दी गई थी और उन्हें 95,000 रुपये की राशि भी जारी की गई थी। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि आवास मित्र द्वारा इन दोनों हितग्राहियों के नाम पर जियो टैगिंग की गई, जबकि वास्तव में कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ था। साथ ही, मस्टर रोल में कल्याणी बाई के नाम पर केवल 31 दिन और दुगदी बाई के नाम पर केवल एक दिन का मस्टर रोल भरा गया था, जिससे अपूर्ण कार्य का भुगतान किया गया। इस अनुशासनहीनता में रोजगार सहायक भुनेश्वरी साहू की भी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि उन्होंने आवास मित्र के साथ मिलकर इन अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिया। जनपद पंचायत साजा ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए भुनेश्वरी साहू को पत्र जारी कर दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगर संतोषजनक जवाब नहीं आता है, तो उनके खिलाफ कठोर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।जनपद पंचायत ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विभागवार मिले आवेदनों की समीक्षा की गई और दिए गए आवश्यक निर्देश

# समय सीमा पर सुशासन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार 2025 के तहत सोमवार कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में, 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी पंचायत निकायों में समाधान पेटियां स्थापित की गई थीं, जिनमें नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन डाले गए थे। समाधान शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दीप्ति वर्मा, सरपंच सीमा सिवारे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बैठक में लोक स्वास्थ यांत्रिकी, विद्युत, समाज कल्याण, खनिज, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्रमवार ढंग से अपने -अपने विभागों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी।





कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याएं होती है, उनका अधिकारी त्वरित समाधान कर जनता का विश्वास अर्जित कर सकते है ।

श्री शर्मा ने बताया कि अगले चरण में 5 मई से 31 मई 2025 तक जिलेभर में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तर के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पहल को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जा सके।

कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि कुछ समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे और आवेदकों से सीधा संवाद कर समस्याओं का अवलोकन करेंगे। इसलिए सभी आवेदनों का समय रहते गुणवत्तापूर्ण निराकरण अनिवार्य है।

श्री शर्मा ने समाज कल्याण, विद्युत एवं खनिज विभाग द्वारा आवेदनों के निराकरण में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं दिखाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों के समाधान के निर्देश दिए। वहीं खाद्य विभाग द्वारा किए गए निराकरण पर संतोष व्यक्त किया और अन्य विभागों से भी इसी तरह की तत्परता की अपेक्षा जताई। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वयं ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक ग्रामीण महिला द्वारा जॉब कार्ड बनाने और एक अन्य व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड जारी न होने की समस्या पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# आईटी और हेल्थ केयर के छात्रों ने सफलतापूर्वक पूरी की इंटर्नशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में आईटी और हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 11वीं और 12वीं के आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप इमेज कंप्यूटर, बेमेतरा में तथा हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप संजीवनी क्लिनिक, बेमेतरा में आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षकों - तेमेश्वर गजेंद्र (आईटी) और प्रीति वर्मा (हेल्थ केयर) - द्वारा नियमित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराना और उनके हुनर को निखारना है। विद्यालय के प्राचार्य संतराम साहू के मार्गदर्शन में आयोजित ▶▶| शेष पेज 13 पर

## सार समाचार

### भानपुरी में नारी जल यात्रा का आयोजन

**राजनांदगांव।** जल संरक्षण के लिए हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजन भानपुरी में किया गया। तपती धूप में जल यात्रा निकाली गई। इस दौरान पद्मश्री फुलबासन यादव, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, सरपंच प्रभा वैष्णव, अगासिया साहू, खिलेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, पंचायत सचिव, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, बिहान केडर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि जल के बिना जग सुना है, अब जाग जाओ, पानी के बिना जीवन जीना असंभव है, इसलिए पूरे सामुदाय को आगे आने की जरूरत है। राजनांदगांव जिले में बहुत क्षेत्र में पानी के अभाव के चलते धान की फसल को काफी क्षति हुई है। आने वाले समय रबी में बिल्कुल धान न ले, उसके बदले कम पानी वाले अन्य फसल लें। फसल चक्र जरूर करें, ताकि जमीन की उर्वर शक्ति बनी रहे। शिवकुमार देवांगन ने बताया कि पिछले वर्ष 15 हजार आम पौधे लगाए गए जो अभी 10 हजार पौधे बचे हुए हैं। इसी को देखते हुए आम की उच्च क्वालिटी केसर आम कम कीमत में गांव-गांव में उपलब्ध कराई जाएगी।




### सांसद पांडे ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा के अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम जादूटोला में सांसद संतोष पांडे ने नवीन शासकीय विद्यालय भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर गीता घासी साहू, संजीव शाह, आशीष द्विवेदी, राजेश सिंघी, गुलाब गोस्वामी, तीजन मानिकपुरी, नेहरूराम रजक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों को सर्वसुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य की राह आसान करने के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।



### युगांतर के बच्चों ने मनाया ग्रीन व अर्थ-डे

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी तथा प्राइमरी के विद्यार्थियों ने ग्रीन तथा अर्थ-डे मनाया। प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने हृदय स्पर्शी डांस प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। विद्यार्थियों ने शानदार ढंग से एंकरिंग के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एक्ट भी किया। इसी तरह प्राइमरी के विद्यार्थियों ने स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन में भाग लिया। इस कॉम्पिटिशन में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्था की हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी ने आयोजन की सराहना करते कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। जिससे वे वृक्षों की सुरक्षा करने की सीख ले सके। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन विद्यालय के हैड मिस्ट्रेस के मार्गदर्शन में प्री प्राइमरी की कार्यक्रम प्रभारी सेजल शर्मा तथा प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, प्री प्राइमरी और प्राइमरी विभाग शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हुआ।




### महिला समिति ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत दिनों आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में 27 निर्दोष लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। इस नृशंस घटना से संपूर्ण राष्ट्र शोकाकुल है। नवदुर्गा महिला समिति लेबर कालोनी की महिला सदस्यों ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और इसे मानवता पर सीधा हमला बताया है। महिला समिति ने शोक व्यक्त करते मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगीता मिश्रा, ज्योति मानिकपुरी, प्रतिमा मानिकपुरी, सुनिता सेंगर, सविता मिश्रा, रूपाली मुर, नीतू मानिकपुरी, लता लखारिया, प्रभा सिन्हा, अंबिका भार्गव, पूनम पराते, अनुराधा चौरे, विनिता वर्मा, अंजू तिवारी, लीला मानिकपुरी, अरूणा साहू, यशोदा मेहरा, सोनम श्रीवास्तव, सरस्वती चंद्राकर, सोनी चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।



### कैट ने मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री का जताया आभार

**राजनांदगांव।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला अध्यक्ष राजू डागा, आलोक बिंदल, अनिल भारतीय, संजय तेजवानी, राजा मखीजा, अमित खंडेलवाल, शरद अग्रवाल, सूरज खंडेलवाल, अनिल बरडिया, भागचंद व राजू बाफना ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व मंत्री टकराम वर्मा को रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण किए जाने पर आभार व्यक्त किया। कैट के जिला अध्यक्ष राजू डागा ने रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण किए जाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन की खरीद फरोख्त के बाद नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर तहसीलदारों से नामांतरण का अधिकार छीन लिया है और यह अधिकार अब रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को सौंप दिया गया है। अब रजिस्ट्री के साथ ही जमीन का नाम संबंधित खरीददार के नाम ऑटोमैटिक दर्ज हो जाएगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि भू-माफिया और फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी, इस नए आदेश से जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी, आम जनता को राहत मिलेगी।

### कमलेश सम्मानित

**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम पंचायत धामनसरा में कल देर शाम लोककला महोत्सव मितान का आयोजन हुआ। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के लोककला से जुड़े लोग एक ही मंच पर अपनी प्रस्तुति देने पहुंचे थे।कार्यक्रम में शहर के पत्रकार और सामाजिक क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले कमलेश सिमनकर (हाहाकारी)को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आयोजन समिति ने सम्मानित किया।



## मेयर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# ढाबा में होगा एथलेटिक्स ट्रेक का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

संस्कारधानी राजनांदगांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं एथलेटिक्स खिलाड़ियों को खेल में सुविधा विस्तार के लिए राजनांदगांव शहर में एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने सोमवार को अधिकारियों के साथ ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया।

एथलेटिक्स खेल को बढ़ावा देने एवं संस्कारधानी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए महापौर यादव आज सुबह नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव रणविजय प्रताप सिंह सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, पार्षद रवि सिन्हा व सतीश साहू, पूर्व पार्षद विजय राय तथा नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ ढाबा स्थित नगर सेना आफिस के पीछे शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की।



### 10 एकड़ जमीन की आवश्यकता

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए लगभग 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। स्थल चयन उपरांत शासन की स्वीकृति अनुसार प्रक्रिया कर तकनीकी अधिकारी एवं वास्तुविदों के साथ खिलाड़ियों की सुविधा एवं मापदंड अनुसार ड्राईंग डिजाईन तैयार कर ट्रेक का निर्माण किया जाएगा।

### स्टेडियम का प्रस्ताव निरस्त

एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए दिग्विजय स्टेडियम का चयन किया गया था, किन्तु स्टेडियम में विभिन्न खेल गतिविधियां संचालित होने के कारण अन्य स्थल चयन करना है। स्थल चयन के लिए महापौर एवं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ ढाबा की शासकीय भूमि देखा जा रहा है। स्थल चयन उपरांत खेलो इंडिया के तहत मानदंड अनुसार एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक का निर्माण किया जाएगा।

### खेल गतिविधियों का होगा विस्तार

महापौर यादव ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम खेल गतिविधयों में देश व प्रदेश में शिखर पर रहा है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाए हैं। इसी को ध्यान में रखकर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में एस्टोट्रर्फ हॉकी मैदान तथा स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया। वहीं अब एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक राजनांदगांव में निर्माण के लिए केन्द्र सरकार के खेलो इंडिया के तहत केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया से चर्चा कर स्वीकृति दिलाई। उक्त ट्रेक निर्माण के लिए आज स्थल चयन हेतु ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि चयन हेतु अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक बन जाने से हमारे संस्कारधानी के एथलेटिक्स खिलाड़ी यहां खेल कर परिपक्व होकर प्रदेश एवं देश के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर स्थान प्राप्त करेंगे।

### अनामिका बनी समाज सेवक संघ की अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाजसेवक के संयोजक संजीव सिंघल ने चि चो ला (छुरिया) की अनामिका सिन्हा को समाजसेवक संघ चिचोला का अध्यक्ष बनाया।



इनकी नियुक्ति पर प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, उमा साहू, नेमिन देशमुख, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, भूषणलाल देवांगन, हिमलेश्वरी साहू, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि धुरव, मधु फाफा, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, रेवती साहू, वीरू यादव, गोकुल लहरे, संगीता रावटे, मनीष खंडेलवाल, चंचल तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी।

## राजपूत महासभा की बैठक में विविध विषयों पर की चर्चा



**बेमेतरा।** राजपूत क्षत्रिय महासभा की प्रदेश केंद्रीय कार्यकारिणी का बैठक जिला मुख्यालय स्थित सिंधु भवन में रखा गया था।

बैठक में प्रदेश के जिलों से पदाधिकारी मौजूद रहे । इस दौरान प्रदेश में होने वाली सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी गई वही समाज के रुके हुए कार्यों पर चर्चा के साथ ही बेमेतरा शहर में पृथ्वीराज चौहान की निर्माणाधीन मूर्ति का लोकार्पण विगत वर्षों से अवरुद्ध है होने पर नगर पालिका अध्यक्ष से समाज का प्रतिनिधि मिलकर शीघ्र लोकार्पण किए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह ने बताया की आगामी माह के 24 मई कोअखंड भारत के अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की शौर्य कार्यक्रम होने का है जिस पर रूपरेखा तय की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह ,प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर टिकेंद्र सिंह ,प्रदेश सचिव ठाकुर विक्रम सिंह सहित केंद्रीय पदाधिकारी,प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष व पदाधिकारी एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ठाकुर मनु सिंह उपस्थित रहे।

# मां कर्मा के आशीर्वाद से साहू समाज कर रहा तरक्की : रमन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रविवार को ग्राम धीरी में आयोजित भक्त मां कर्मा जयंती समारोह एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सबसे पहले मां कर्मा भवन धीरी में भव्य भक्त मां कर्मा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने सभी को मां कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विस अध्यक्ष ने डॉ. सिंह ने मां कर्मा भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 5 लाख रुपए घोषणा की। उन्होंने ग्राम धीरी प्रवास के दौरान शासकीय हाईस्कूल धीरी में 6 लाख 96 हजार रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कम्प्यूटर कक्ष भवन का लोकार्पण किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि मां कर्मा की साधना, उपासना और भक्ति देखकर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उनके पास पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मां कर्मा के आशीर्वाद से साहू समाज तरक्की कर रहा है। ग्राम धीरी में बन रहे पुल को शीघ्र शुरू करने की बात कही। इसके साथ ही ग्राम में अवैध कब्जा और अतिक्रमण को हटाने अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही। कार्यक्रम को जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू और संरक्षक साहू समाज कल्याण साहू ने भी संबोधित किया।

## कमलेश बने चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष बैद ज्वेलर्स के संचालक कमलेश बैद बनाए गए। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष चुनाव के बाद अब जिला स्तर की कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष के मनोनयन का दौर शुरू हो चुका है।

इसी कड़ी में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने राजनांदगांव चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के मनोनीत होने का पत्र जारी किया। कमलेश बैद लगातार व्यापारियों के हित में कार्य करते चेंबर ऑफ कॉमर्स में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मनोनयन से व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। सभी व्यापारी प्रसन्नचित होकर पुराने दौर को याद कर रहे हैं।

इस बार प्रदेश स्तर पर दोनों पैनल समाप्त कर आपसी सामंजस्य से व्यापारियों के हित में निर्णय लेते हुए समन्वय बनाकर सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। चेंबर की एकता से व्यापारियों में विशेष रूप से खुशी है।

चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी, हंसमुख भाई रायचा, भीमन धनवानी, विनोद डड्ढा, विनोद बोहरा, ज्ञानचंद बाफना, रोशन गोलछा, शिव अग्रवाल, रानू जैन, राजेश अग्रवाल, राजकुमार बाफना, रूपचंद भीमनानी, आशीष अग्रवाल, अरुण ढुलानी, बलवीर बग्गा, संजय श्रीश्रीमाल, अजय कोटडिया, दीपक नौलखा, ओम कांकरिया, धीरूभाई रायचा, संतोष अग्रवाल, अनिल एवं सुनील बरडिया, अमर लालवानी ने कमलेश बैद को शुभकामनाएं दी है।

# शासकीय शाला सिंघौरी के परीक्षाफल घोषित, ललिता व नेविता ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में कक्षा छठवीं और सातवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि कक्षा छठवीं में 35 तथा सातवीं में 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर गौरव बढ़ाया है।

- ललिता साहू और नेविता वर्मा ने मारी बाजी

कक्षा छठवीं में ललिता साहू ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान एवं उपासना साहू ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा सातवीं में नेविता वर्मा ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान एवं प्रतिज्ञा साहू ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रमुख ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पार्षद प्रकाश ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वही विद्यालय है, जहां से मैंने भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। विद्यार्थियों को माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए पूरी निष्ठा से अध्ययन करना चाहिए। इस अवसर पर रामगोपाल चन्द्राकर (संकुल प्राचार्य), धनीराम बंजारे (संकुल समन्वयक), पार्षद तोकेश्वर साहू, एसएमसी अध्यक्ष राकेश साहू, कन्हैया वर्मा, पोषण वर्मा, नारद साहू, जितेन्द्र साहू, गजाधर साहू, भागीरथी रजक, शेरसिंह साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चन्द्राकर तथा प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।

### कश्मीर आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री हकीम खान ने जम्मू काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हकीम खान ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकियों को इस कायराना हमले का करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई है।



# दिग्विजय कॉलेज जनभागीदारी सदस्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव




दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में जनभागीदारी समिति के सदस्यों की घोषणा की गई है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के गठन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई थी और अब समिति की औपचारिक घोषणा कर दी गई है।

अध्यक्ष ने बताया कि समिति का गठन सभी नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। नई समिति के गठन के बाद कॉलेज में विभिन्न विकास कार्यों और शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने की योजना बनाई गई है। जारी सूची में अतुल रायजादा अध्यक्ष, आरएस नायक, सुनील अग्रवाल, सुरेन्द्र पाल सिंग भाटिया,श्रीमती अनिता जैन, राजकुमार बाफना, मनीष शर्मा, नरेश पटेल ,प्रशांत (गोलू) गुप्ता, सुमित सिंग भाटिया, नंदकिशोर भूतड़ा, चंदन रूचंदानी, आकाश गुप्ता, आशीष डोगरे, रमेश चन्द्राकर, सौरभ साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव, शरद सिन्हा , सुमित अजमानी, प्रतीक अग्रवाल, आशीष जैन, आदित्य पराते, संतोष साहू, अंकित बालाजी श्रीवास्तव, कमलेश सूर्यवंशी, चिन्टू सोनकर , विजय शर्मा,श्रीमती शालू वर्मा, आशुतोष सिंह, मुकेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, अंकित सिंह चौहान, अमितेश झा, कमलेश प्रजापति, संदीप भट्टाचार्य, साहिल गोलछा, ईशान शर्मा, समीर श्रीवास्तव,श्रीमती आभा श्रीवास्तव सदस्य के रूप में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जनभागीदारी समिति कॉलेज के संचालन और विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नई समिति से कॉलेज में नयी ऊर्जा और सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

